# प्राथमिक (कक्षा–5) शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा 2019

## विषय – पर्यावरण अध्ययन

समय – 02 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक – 100

---

### (आदर्श उत्तर)

उत्तर 1 – नीचे दिए गए प्रश्नों के चार विकल्प दिए गए है, सही उत्तर पर (√) का निशान लगाइए – (प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक) (अंक – 20)

1. स) [illegible]
2. अ) गुजरात
3. ब) चिकनी
4. द) पीला
5. स) फ्रांस
6. ब) फुड़हर
7. स) कुम्हार
8. अ) दोमट मिट्‌टी
9. ब) रायपुर
10. द) मॉनिटर

नीचे अति लघु उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं प्रत्येक प्रश्न में चार हैं– (अंक – 24)

उत्तर 2　बाढ़ आने के कारण :–

(क) बहुत अधिक वर्षा होने के कारण बाढ़ आती है।

(ख) नदियों में पानी की मात्रा बढ़ जाने के कारण।

(ग) बाँधों के टूटने के कारण बाढ़ आती है।

(घ) तटीय भागों में वायु के दबाव में परिवर्तन होने से समुद्र में तूफान आते हैं, जिससे बाढ़ आ जाती है।

उत्तर 3 – आटाचक्की के पाटों को इसलिए टाँका जाता है, कि आटाचक्की में अनाज को अच्छे से पीसा जा सके। लगातार अनाज पीसने के कारण पाट चिकने हो जाते हैं जिसके कारण घर्षण कम होने लगता है और आटा ठीक से नहीं पिसता आटाचक्की के दोनों पाटों को टाँकने से दोनों पाटों में अधिक घर्षण होगा और अनाज अच्छे से पीसा जा सकेगा।

उत्तर 4 – तालागाँव के मंदिरों के निर्माण में लाल बलुआ पत्थरों का उपयोग किया गया है। ये लाल बलुआ पत्थर मनियारी नदी में ही पाया जाता है। तालागांव मनियारी नदी के तट पर ही बसा है।

उत्तर 5 – समुद्री बीच :– समुद्र का वह किनारा जो कम ढाल वाला होता है तथा जहाँ समुद्र की लहरें कम ऊँची उठती हैं, उस जगह को बीच कहते हैं। वहाँ हमेशा लोगों की बहुत चहल–पहल रहती है। लोग समुद्र में नहाते हैं, तथा किनारे पर खेलते हैं। कॉलिगूंट यहाँ का प्रसिद्ध बीच है।

उत्तर 6 – जब सोनाखान में अकाल पड़ा तो लोग भूख से मरने लगे। वीर नारायण सिंह ने जनता को भूख से बचाने के लिए भरसक प्रयास किए। वे जनता के लिए व्यापारियों से अनाज उधार माँग कर लोगों में बाँट देते थे। यदि कोई व्यापारी अनाज नहीं देते तो उनके गोदाम का ताला तुड़वाकर अनाज लोगों में बाँट देते थे। व्यापारियों ने इसकी शिकायत अंग्रेज अफसरों से कर दी। अंग्रेजों ने वीर नारायण सिंह को डकैती के आरोप में जेल में डाल दिया।


उत्तर 7 –

| स्तंभ अ | सही उत्तर |
|---|---|
| 1. देवझुला, मुठिया, पीढे | ख) काष्ठ शिल्प |
| 2. धातु से बनी कलाकृतियाँ | घ) घड़वा शिल्प |
| 3. देव प्रतिमा, दीप स्तंभ | क) मृदा शिल्प |
| 4. झाँपी, मोर | ग) बाँस शिल्प |

नीचे लघु उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं प्रत्येक प्रश्न में 06 अंक हैं– (कुल अंक –30)

उत्तर 8 – आवश्यक सामग्री :– दर्पण की तीन समान पट्टियाँ, पॉलीथीन का टुकड़ा, रंगीन काँच की टूटी चूडियाँ, टेप आदि।

चित्र :–



वर्णन :– दर्पण की एक समान तीन पट्टियाँ लेंगे इनको आपस में बांध लेते हैं। यह ध्यान रखना होगा कि पट्टियाँ की चमकीली सतह अर्थात चेहरा देखने वाली सतह अंदर की ओर होनी चाहिए।

इन दर्पण की पट्टियों के एक सिरे पर पॉलीथीन का टुकड़ा बाँध देंगे। पालिथीन ऐसा हो जिसके आर–पार देखा जा सके। अब चूड़ियों के रंगीन छोटे–छोटे टुकड़े डालेंगे। इसे एक ओर से देखते हुए घूमाते जाएंगे। सुंदर फूल बनते नजर आएंगे।

उत्तर 9 – (क) (1) गोवा भारत का एक छोटा राज्य है जो समुद्र के किनारे बसा है।

(2) गोवा में कोंकणी व मराठी भाषाएँ बोली जाती हैं।

(3) घरों को बनाने के लिए लकड़ी, बाँस व नारियल की पत्तियों को काम में लिया जाता है।

उत्तर 9 – (ख) (1) गोवा समुद्र किनारे बसा है इसलिए यहाँ के लोगों का प्रमुख व्यवसाय मछली पकड़ना है।

(2) चावल, काली मिर्च, मसाले, नारियल, आम और काजू व केलों, की खेती भी करते हैं।

(3) यहाँ नारियल अधिक होने के कारण रेशों से रस्सी, टोकरी, चटाई और झाड़ू बनाते हैं।

उत्तर 10 – नारायण सिंह के पिता तथा वीर नारायण सिंह के स्वभाव में निम्न समानताएं थीं–

1) वीर नारायण सिंह पिता के समान ही लोकप्रिय थे।

2) वे निर्भीक थे। उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया।

3) वे बड़े दयालु थे। अपनी जनता को भूख से मरते नहीं देख सकते थे।

4) वे परोपकारी थे। जनता के लिए जमींदारों से अनाज उधार मांगते थे।

5) वे न्यायप्रिय थे। व्यापारी के अनाज न देने पर उनके गोदाम का ताला तुड़वा कर अनाज लोगों में बाँट देते थे।

6) वे वीर थे। युद्ध में अंग्रेजों से बड़ी वीरता से लड़े।

उत्तर 11– नए–नए तरीके से खेती करने से निम्न नुकसान होते हैं :–

1) बहुत अधिक पानी देने के कारण मिटटी खराब होती है।

2) कही–कहीं पर दल–दल बन जाते हैं।

3) जमीन अनुपजाऊ हो जाती है।

4) कीटनाशक दवा का उपयोग अधिक होने के कारण जमीन की उपज घटती जाती है।

5) पीने के पानी, मछली, अनाज, सब्जी आदि पर बुरा असर पड़ता है।

6) मनुष्य एवं पशु–पक्षियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।

उत्तर 12 – (1) की–बोर्डः– कम्प्यूटर पर काम करने के लिए की बोर्ड होता है। की–बोर्ड पर अंग्रेजी में अक्षर और संकेत होते हैं। अलग–अलग कुंजियों को दबा कर लिखा जा सकता है। इसकी मदद से ही कोई चिटठी आदि टाइप की जा सकती है। कम्प्यूटर पर की–बोर्ड से अलग–अलग भाषाओं में लिख सकते हैं। इससे अक्षरों को छोटा–बड़ा लिख सकते हैं।

(2) सी.पी.यू. :— मॉनिटर से जुड़ा हुआ एक बॉक्स होता है। जहाँ से बटन दबा कर कम्प्यूटर को चालू किया जाता है। इसे कम्प्यूटर का दिमाग कहा जाता है। कम्प्यूटर में माउस व की—बोर्ड से भेजी सूचनाओं पर कार्य यहीं होता है।

नीचे लघु उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं प्रत्येक प्रश्न में 08 अंक हैं— (कुल अंक —16)

उत्तर 13 — पागल कुत्ता बहुत खतरनाक होता है, उसके काटने से निम्न लक्षण मरीज में दिखाई देते है :—

1. मरीज के सिर में दर्द होता है।
2. मरीज अधिक अधिक बातें करने लगता है।
3. मरीज को बहुत अधिक प्यास लगने लगती है।
4. पानी—पीना चाहता है, लेकिन पानी गटक नहीं पाता।
5. गले से शुरू होकर पूरा शरीर अकड़ने लगता है।
6. छोटी—छोटी बातों से डरने लगता है।
7. मरीज की तबीयत खराब होने लगती है।
8. मरीज लगातार बुखार से पीड़ित रहता है।

अथवा

उत्तर 13 — टीकाः— टीका उस दवा को कहते हैं जो बीमारी होने पहले ही उससे बचाव के लिए हमें दिया जाता है।

टीका से निदान :— टीके के माध्यम से उस बीमारी के कीटाणुओं की बहुत थेड़ी मात्रा हमारे शरीर में डाल दी जाती है। इससे हमारे खून में मौजूद कुछ पदार्थ बीमारी से लड़ने की तैयारी कर लेते हैं। वे इन बीमारियों के कीटाणुओं से लड़ते हैं। साथ ही हमेशा के लिए इन कीटाणुओं के प्रति चौकन्ने हो जाते हैं भविष्य में कभी भी यदि बीमारी के असली कीटाणुओं का हम पर हमला हो तो उससे शरीर और खून के ये लड़ाकू पदार्थ आसानी से लड़ सकें।

| क्र. | बीमारी का नाम | टीके का काम |
|---|---|---|
| 1 | रेबीज | एंटी रेबीज का टीका |
| 2 | टिटनेस | टिटनेस का टीका |

उत्तर 14— नीचे लिखे निर्देशानुसार बीजों के दो—दो उदाहरण लिखिए :—

(क) 1) धनिया 2) मेथी

(ख) 1) पपीता 2) सीताफल

(ग) 1) अकाव या फुड़हर 2) सेमल

(घ) 1) मटर 2) राजमा

अथवा

उत्तर 14— बीजों का बिखराव विभिन्न प्रकार से होता है :—

1. जानवरों की सवारी के द्वारा बीजों का बिखराव होता है।
2. फली वाले बीज छिटककर बिखरते हैं।
3. पानी में बहने के कारण बीजों का बिखराव होता है।
4. हवा में उड़ने से बीजों का बिखराव होता है।
5. पशु—पक्षियों के द्वारा बीजों का बिखराव होता है।

(1) जानवरों की सवारी के द्वारा बीजों का बिखराव होता है — गोखरू या बघनखा के काँटेदार फल गाय, भैंस, बकरी, शरीर और पूँछ में उलझ जाते हैं। ये जानवर जहाँ भी जाते हैं।, ये बीज उनके शरीर में चिपक कर उनके साथ—साथ वहाँ पहुँच जाते हैं। कुछ फलों में काँटेदार हुक होते हैं। इन हुकों की मदद से जानवरों के बालों आदि में अटक जाते हैं। इस प्रकार जानवरों के द्वारा बीजों का बिखराव एक स्थान से दूसरे स्थान पर होता है।

**(2) पानी में बहने के कारण बीजों का बिखराव —**

आमतौर पर नारियल के पेड़ समुद्र के किनारे होते हैं। नारियल के फल समुद्र की लहरों के साथ बहकर हजारों किलोमीटर का फासला तय कर लेते हैं। नारियल के फल पर जो रेशा होता है, इसकी मदद से नारियल पानी में तैरते हुए एक जगह से दूसरी जगह चले जाते हैं।





उत्तर 15–

1. परिवहन के साधनों के दो–दो नाम लिखिए–
   क. जल मार्ग –1. नाव, पानी जहाज
   ख. वायु मार्ग –1. हेलीकाप्टर, हवाई जहाज
   ग. स्थल मार्ग –1. कार, बस
   घ. ऊँट – 1.
   ङ. 1.खच्चर 2. घोड़ा 3. याक

अथवा

उत्तर – पेट्रोलियम – पेट्रोलियम जमीन के बहुत नीचे पेड़– पौधे, जीव, जन्तुओं के दबने से धीरे–धीरे कई सालों में बनते हैं।

पेट्रोलियम निकालना– ये पदार्थ जमीन के अंदर एक गाढ़े बदबूदार तेल के रूप में होते हैं। वैज्ञानिक इन स्थानों का पता लगाते हैं जहाँ जमीन के नीचे तेल मौजूद होता है, फिर बड़ी–बड़ी पाइप व मशीनों की सहायता से तेल निकाला जाता है।

पेट्रोलियम पदार्थों के शोधन से बनने वाले पदार्थ :–

1. पेट्रोल
2. डीजल
3. कैरोसीन
4. खाना पकाने की गैस
5. ग्रीस
6. तारकोल